an>

Title: Need to introduce shift sytem in colleges.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना) : आदरणीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से संसद का ध्यान पंजाब के साथ-साथ देश के सरकारी और निजी कॉलेजों में बच्चों की लगी लंबी-लंबी कतारों की तरफ लेकर जाना चाहता हूं। कॉलेज चाहे एकैडमिक हो या प्रोफेशनल, 80औ नंबर लाने वाले बच्चे भी इसमें एडमिशन लेने के लिए ठोकरें खा रहे हैं। उनके माता-पिता परेशान हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र लुधियाना में भी बहुत स्टूडेंट्स हैं जो एडमिशन को लेकर दुःखी हैं। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए मेरी सरकार से गुजारिश है कि वह कॉलेजों में शिफ्ट सिस्टम लागू करने के बारे में फैसला करे। हर कॉलेज में पहली शिफ्ट सुबह आठ बजे से एक बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर दो बजे से सात बजे तक हो। इस से कॉलेजों में लेक्चररों की भर्ती होगी जिससे कई पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरी भी मिलेगी। हर विद्यार्थी अपनी मर्ज़ी के कॉलेजों में एडमिशन ले सके और उसे क्लास रूम्स और लेक्चररों की कमी की वज़ह से मायूस न होना पड़े।

मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह इस दिशा में जरूरी कदम उठाए।